कहानी -लेखन के प्रकार - iV-1

कहानी तीन प्रकार से लिखी जा सकती है-

(क) चित्रों के आधार पर।

(ख) शीर्षक के आधार पर।

(ग) संकेत बिंदुओं के आधार पर।

5. घमंडी सर्दी latest short Kahani Lekhan in Hindi

एक दिन घमंडी सर्दी ने बसंत का मज़ाक उड़ाते हुए कहा-"जब तुम आते हो तो लोगों को ऐसा लगता है जैसे कोई त्यौहार आ गया हो। वे पागलों की तरह अच्छे कपड़े पहनते हैं, और खुशी मनाते हैं।"

इस पर पतझड़ ने बीच में टोका "लेकिन वसंत में भी उतनी ही तेज़ बारिश होती है और हवा चलती है, जितनी सर्दी में।" "लेकिन अगर मैं . चाहूँ तो कई दिनों तक लोगों को उनके घरों में कैद कर सकती हूँ।

iv-3

मैं उन्हें कभी भी कॉपने पर मजबूर कर सकती हूँ। मैं रानी हूँ, और सबको मेरा आदेश मानना होगा।"-सर्दी ने घमंड में कहा। बसंत चुपचाप सब सुन रहा था। वह बोला-"तुम्हें लोगों को परेशान करने का घमंड है।

तुम उनको दुख देती हो जबकि मैं उनके चेहरों पर खुशी लाता हूँ। वे तुम्हारे बिना रह सकते हैं, परंतु मेरा वे हमेशा इंतज़ार करते हैं, और मुझसे प्यार करते हैं।" सर्दी के पास अब कोई शब्द नहीं थे और उसे अपनी भूल का एहसास हो गया था।